आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–10 मई 2024 सान्ध्य समाचार

लोकसभा चुनाव के सातवें और अन्तिम चरण के लिये प्रदेश की तेरह लोकसभा सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। नामांकन शुरू होने के चौथे दिन आज गोरखपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी रवि किशन शुक्ल और सपा प्रत्याशी काजल निषाद ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपना नामांकन पत्र जमा किया। गोरखपुर सीट के लिये ही निर्दल प्रत्याशी नफीस अहमद ने भी नामांकन किया। बांसगांव संसदीय सीट के लिये भाजपा प्रत्याशी कमलेश पासवान, आईएनडीआईए गठबंधन के प्रत्याशी सदन प्रसाद और निर्दल प्रत्याशी रामा पासवान और हीरालाल ने नामांकन पर्चा भरा। वरिष्ठ भाजपा नेता और केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज महराजगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। देवरिया में कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने नामांकन पर्चा भरा। वाराणसी संसदीय सीट के लिये आज आईएनडीआईए गठबंधन प्रत्याशी अजय राय ने नामांकन दाखिल किया। चन्दौली से केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर महेन्द्रनाथ पाण्डेय ने भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उधर, गाजीपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय और बलिया से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर ने अपना नामांकन पर्चा भरा।

इस चरण के लिए चौदह मई तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। पन्द्रह मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की आखिरी तिथि सत्रह मई है। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक जून को मतदान होगा।

****

लोकसभा चुनाव के तीन चरणों में प्रदेश की छब्बीस संसदीय सीटों पर मतदान पूरा होने के बाद चार चरणों में शेष बचे चौवन लोकसभा क्षेत्रों में राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में पार्टी प्रत्याशी रवि किशन के नामांकन सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि तीन चरण के मतदान के बाद विपक्षी दलों के नेता हताश–निराश हो चुके हैं और अपनी हार स्वीकार कर चुके हैं। श्री योगी ने कहा कि देश की जनता की सारी समस्याओं का समाधान रामराज्य में हैं। इसी को स्थापित करने के लिये जनता बार–बार मोदी सरकार को चुन रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज संयुक्त रूप से कन्नौज में चुनावी रैलियों को सम्बोधित किया। कन्नौज में आयोजित रैली को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि देश के नौजवान, किसान और मजदूर बदलाव चाहते हैं। समाजवादी पार्टी उनकी मंशा पूरी करने के लिये प्रतिबद्ध है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस किसानों को तब तक आर्थिक सहायता देगी जब तक वह गरीबी रेखा से ऊपर नहीं आ जाते।

****

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पत्नी डॉक्टर सुदेश धनखड़ के साथ आज अयोध्या पहुंचे। रामजन्मभूमि पर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद उप राष्ट्रपति की यह पहली अयोध्या यात्रा है। श्री धनखड़ श्रीरामजन्मभूमि पहुंच कर रामलला के दर्शन–पूजन कर रहे हैं। वह हनुमानगढ़ी मंदिर और कुबेर टीला जायेंगे और उसके बाद सरयू घाट पर होने वाली आरती में भी शामिल होंगे।

****

अक्षय तृतीया का पर्व आज प्रदेश भर में श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। प्रयागराज में इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा घाट और संगम तट पर स्नान कर पूजा–अर्चना के साथ दान–पुण्य किया। अक्षय तृतीया के अवसर पर मथुरा के बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने बांके बिहारी के दर्शन कर पूजा–अर्चना कर पुण्य प्राप्त किया। हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर बृज घाट में श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में स्नान कर अक्षय तृतीया का पर्व मनाया। अक्षय तृतीया को ही भगवान परशुराम का जन्म भी हुआ था, इसलिये इस अवसर को लोगों ने परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया। अमरोहा में इस अवसर पर भगवान परशुराम के मंदिर में हवन कर पूजा–अर्चना की गयी और हापुड़ में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी तथा कई स्थानों पर भण्डारे के आयोजन भी किये गये। अक्षय तृतीया के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ मंदिर में रूद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों को सुख–समृद्धि की मंगल कामना की और पर्व की बधाई दी।

****

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में एक या दो विषयों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये कम्पार्टमेंट और इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिये आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर इकतीस मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

****

पीलीभीत जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज तड़के हुयी एक दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु हो गयी और करीब चार दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना गजरौला के समीप एक मिनी ट्रक के पलट जाने से हुयी। ट्रक में सवार लोग लखीमपुर खीरी के रहने वाले थे और मेरठ से मजदूरी कर के लौट रहे थे।

****